# बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड

CIN-U31900BR1978SGC001317

( बिहार सरकार का उपक्रम )


पत्रांक- 1527/2021

दिनांक 16/03/2021

**आउटसोर्सिंग के आधार पर अभिलेखों की स्कैनिग एवं डिजिटाइजेशन हेतु निविदा का आमंत्रण।**

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड, बेलट्रॉन भवन, बिहार, पटना द्वारा एतद् इच्छुक निबंधित एजेंसियों से निगम द्वारा संधारित संचिकाओं, पंजियों एवं अन्य अभिलेखों के स्कैनिंग तथा डिजिटाइजेशन हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निबंधित एजेंसियाँ दिनांक–09.04.2021 के अपराह्न 2.00 बजे तक निर्धारित शर्त्तों के अधीन मुहरबंद लिफाफा में (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफा में) प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड, बेलट्रॉन भवन, बिहार, पटना को संबोधित करते हुए निगम प्राप्ति शाखा से प्रत्येक कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार) को अपराह्न 5.00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। डाक से प्रेषित निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।

(i) निविदा विभागीय निविदा मूल्यांकन समिति के समक्ष दिनांक–12.04.2021 को अपराह्न 11.00 बजे खोली जाएगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। तकनीकी निविदा पहले खोली जाएगी तथा इसमें सफल निविदाकारों के ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जाएगा।

(ii) तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मोहरबंद लिफाफों में समर्पित करना होगा। अग्रधन (Earnest Money) की राशि ₹ 25,000/– (पच्चीस हजार) मात्र का डिमांड ड्राफ्ट जो **"प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड, बेलट्रॉन भवन, बिहार, पटना"** के पक्ष में देय हो निविदा के साथ जमा करना होगा। अस्वीकृत निविदा का अग्रधन वापस कर दिया जाएगा। तकनीकी निविदा की शर्त्तें कंडिका–2 में अंकित है। वित्तीय निविदा के तहत् वांछित सेवाएँ यथा प्रति पृष्ठ स्कैनिंग की दर तथा अधोलिखित अन्य सेवाओं की दर अंकित करनी होगी।

2. **निविदाकर्त्ता के लिए निम्नलिखित तकनीकी अर्हताएँ आवश्यक होगी :–**

(a) 50 हजार पेज स्कैनिंग, डिजिटाइजेशन एवं स्टोरेज का कार्यनुभव।

(b) फर्म का GST निबंधन प्रमाण–पत्र एवं Return Copy

(c) पैन कार्ड का प्रतिलिपी

(d) कंपनी/स्वामित्व/पार्टनरशीप का निबंधन प्रमाण–पत्र।

(e) विगत तीन वर्ष का आयकर रिटर्न की छायाप्रति।


बेलट्रॉन भवन, शास्त्री नगर, पटना-800023

दूरभाष : 0612-2281856-7, फैक्स : 0612-2281857, वेबसाईट : www.bsedc.bihar.gov.in

(f) प्रजेन्टेशन दिया जाना अनिवार्य होगा (पावर–पाइन्ट प्रजेन्टेशन निविदा के साथ संलग्न करना होगा)।

(g) डाटा स्कैनिंग, डिजिटाइजेशन एवं स्टोरेज के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना–यथा कार्यबल तथा कम्प्यूटर, हाई–स्पीड स्कैनर (उचित document feeder के साथ), सर्वर आदि फर्म के पास उपलब्ध होना चाहिए।

(h) निविदाकर्त्ता द्वारा क्रमांक (a) से (g) तक के प्रमाण–पत्र एवं PPT निविदा के साथ जमा करना होगा।

**3. चयन का आधार :–**

वित्तीय निविदा में सबसे कम कीमत उद्द्दृत करने वाली एजेंसी को "वर्क ऑडर" निर्गत किया जाएगा।

**4. सामान्य अनुदेश:–**

(a) निविदा अभिलेख फर्म के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा सभी संलग्न अभिलेखों को हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए।

(b) तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के आवेदनों को वांछित कागजात संलग्न कर अलग–अलग लिफाफें में तकनीकी एवं वित्तीय निविदा लिखकर तथा बंद कर उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफा में डालकर मुहरबंद करते हुए लिफाफा पर शीर्ष **" बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड, बेलट्रॉन भवन, बिहार, पटना के मुख्यालय हेतु स्कैनिंग व डिजिटाइजेशन की निविदा"** लिखकर जमा करना होगा। अर्हत्ताओं से संबंधित कागजातों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय तथा मूल प्रति माँगे जाने पर दिखाया जाना अनिवार्य होगा।

(c) स्कैनिंग किये जाने वाला अनुमानित पेज की संख्या 15 लाख होगा जो घट भी बढ़ सकता है। पेज की संख्या बढ़ने पर उसी दर में स्कैनिंग संबंधित काम करना होगा।

**(e) वित्तीय निविदा हेतु प्रपत्र निम्नवत है :–**

| Sl. No. | Description | Rate in INR (Figures & words) Excluding GST |
|---|---|---|
| 1. | Letter / Document Scanning (per side of sheet) | |
| 2. | Uploading cost per file | |

**5. कार्य की प्रकृति :–**

(i) बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड, बेलट्रॉन भवन, बिहार, पटना के प्रशाखाओं/कोषांगों से प्राप्तआवेदनों/पत्रों/संचिकाओं/अभिलेखों को प्राप्त करना।

(ii) संचिकाओं / पंजियों / अभिलेखों के सभी पृष्ठों को Optical Character Recognition तकनीक का प्रयोग करते हुए PDF Format में स्कैन (B&W-150-200 dpi, Color– अधिकतम 300 dpi) करना होगा

(iii) स्कैनिंग के उपरांत बनाई गई फाईल NIC के e-office Software के compatible होना चाहिए।

(iv) PDF File को e-office सॉफ्टवेयर में अपलोड करना तथा आवश्यक डाटा की प्रविष्टि। e-Office Software NIC के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

(v) संबंधित शाखा / कोषांगों से प्राप्त पत्रों / आवेदनों / संचिकाओं / अभिलेखों को वापस लौटाना अथवा निर्धारित कॉम्पेक्टर स्थल पर कार्यालय में इन्हें रखवाना।

(vi) संचालन व रख–रखाव / वार्षिक रख–रखाव अनुबंध एक वर्ष का होगा।

**6. अन्य शर्त्ते :–**

1. अभिलेखों के क्षतिग्रस्त होने पर प्रतिपूर्त्ति की जवाबदेही फर्म की होगी।
2. सेवा में टूट होने पर जमानत की राशि जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।
3. चयनित निविदादाता द्वारा सेवा उपलब्ध न कराने पर उपरोक्त अर्हत्ता पूरी करने वाले अन्य निविदादाता से सेवा प्राप्त की जाएगी।
4. सफल निविदादाता को विभाग के साथ एकरारनामा करना होगा।
5. स्कैनिंग एवं सॉफ्टवेयर में अपलोडिंग का कार्य 2 माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। विशेष परिस्थिति में आवश्यकतानुसार विभाग से अनुमति के पश्चात् यह अवधि बढाई जा सकेगी।
6. निविदा को बिना सूचना एवं कारण बताये रद्द करने का अधिकार प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड, बेलट्रॉन भवन, बिहार, पटना को सुरक्षित रहेगा। विस्तृत जानकारी एवं शर्त्तों के लिए बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड, बेलट्रॉन भवन, बिहार, पटना के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

Suman 16/03/2021

**(आलोक प्रताप सुमन)**
प्रबंधक (पी0एम0यू0),
बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड,
बेलट्रॉन भवन, बिहार, पटना।